## प्रश्नावली 8.2

### प्रश्न 1:

दी गई भिन्न संख्याओं को प्रतिशत में बदलो।

(a) $\frac{1}{8}$  (b) $\frac{5}{4}$  (c) $\frac{3}{40}$  (d) $\frac{2}{7}$

### उत्तर 1:

(a) $\frac{1}{8} = \frac{1}{8}\times 100\% = \frac{25}{2}\% = 12.5\%$

(b) $\frac{5}{4} = \frac{5}{4}\times 100\% = 5 \times 25\% = 125\%$

(c) $\frac{3}{40} = \frac{3}{40}\times 100\% = \frac{3}{2}\times 5\% = \frac{15}{2}\% = 7.5\%$

(d) $\frac{2}{7} = \frac{2}{7}\times 100\% = \frac{200}{7}\% = 28\frac{4}{7}\%$

### प्रश्न 2:

दी गई दशमलव भिन्नो को प्रतिशत में बदलो।

(a) 0.65  (b) 2.1  (c) 0.02  (d) 12.35

### उत्तर 2:

(a) $0.65 = \frac{65}{100}\times 100\% = 65\%$


(b) $2.1 = \frac{2.1}{100}\times 100\% = 210\%$

(c) $0.02 = \frac{2}{100}\times 100\% = 2\%$

(b) $12.35 = \frac{12.35}{100}\times 100\% = 1235\%$

### प्रश्न 3:

अनुमान लगाइए कि आकृति का कितना भाग रंग दिया गया है और इस प्रकार ज्ञात कीजिए कि कितने प्रतिशत रंगीन है।



### उत्तर 3:

(i) रंगीन भाग = $\frac{1}{4}$

$\therefore$ रंगीन भाग का प्रतिशत = $\frac{1}{4}\times 100\% = 25\%$

(ii) रंगीन भाग = $\frac{3}{5}$

$\therefore$ रंगीन भाग का प्रतिशत = $\frac{3}{5}\times 100\% = 60\%$

(iii) रंगीन भाग = $\frac{3}{8}$

$\therefore$ रंगीन भाग का प्रतिशत = $\frac{3}{8}\times 100\% = \frac{3}{2}\times 25\% = 37.5\%$

## प्रश्न 4:
ज्ञात कीजिए:

(a) 250 का 15%   (b) 1 घंटे का 1%   (c) ₹2500 का 20%   (d) 1 किग्रा का 75%

## उत्तर 4:

(a) 250 का 15% $= \frac{15}{100} \times 250$ = 15 x 2.5 = 37.5

(b) 1 घंटे का 1% = 60 मिनट का 1% = (60 x 60) सेकेण्ड का 1%

$= \frac{1}{100} \times 60 \times 60$ = 6 x 6 = 36 सेकेण्ड

(c) ₹2500 का 20% $= \frac{20}{100} \times 2500$ = 20 x 25 = ₹ 500

(d) 1 किग्रा का 75% = 1000 g का 75% $= \frac{75}{100} \times 1000$ = 750 g = 0.750 किग्रा

## प्रश्न 5:
संपूर्ण राशि ज्ञात कीजिए यदि:

(a) इसका 5%, 600 है।   (b) इसका 12%, ₹1080 है।   (c) इसका 40%, 500 km है।

(d) इसका 70%, 14 मिनट है।   (e) इसका 8%, 40 लीटर है।

## उत्तर 5:
प्रश्न के सभी भागों के लिए, माना संपूर्ण राशि = $x$

(a) $x$ का 5% = 600

$\Rightarrow \frac{5}{100} \times x = 600 \Rightarrow x = \frac{600 \times 100}{5}$ = 12,000

(b) $x$ का 12% = ₹1080

$\Rightarrow \frac{12}{100} \times x = 1080$

$\Rightarrow x = \frac{1080 \times 100}{12}$ = ₹ 9,000

(c) $x$ का 40% = 500 km

$\Rightarrow \frac{40}{100} \times x = 500$

$\Rightarrow x = \frac{500 \times 100}{40}$ = 1,250 km

(d) $x$ का 70% = 14 मिनट

$\Rightarrow \frac{70}{100} \times x = 14$

$\Rightarrow x = \frac{14 \times 100}{70}$ = 20 मिनट

(e) $x$ का 8% = 40 लीटर

$\Rightarrow \frac{8}{100} \times x = 40$

$\Rightarrow x = \frac{40 \times 100}{8}$ = 500 लीटर

**प्रश्न 6:**

दिए गए प्रतिशतों को साधारण व दशमलव भिन्नों में बदलो और अपने उत्तर को सरलतम रूप में लिखो।

(a) 25% (b) 150%

(c) 20% (d) 5%

**उत्तर 6:**

| S. No. | प्रतिशत | भिन्न | सरलतम रूप | दशमलव रूप |
|---|---|---|---|---|
| **(a)** | 25% | $\frac{25}{100}$ | $\frac{1}{4}$ | 0.25 |
| **(b)** | 150% | $\frac{150}{100}$ | $\frac{3}{2}$ | 1.5 |
| **(c)** | 20% | $\frac{20}{100}$ | $\frac{1}{5}$ | 0.2 |
| **(d)** | 5% | $\frac{5}{100}$ | $\frac{1}{20}$ | 0.05 |

**प्रश्न 7:**

एक नगर में 30% महिलाएँ, 40% पुरुष तथा शेष बच्चे हैं। बच्चों का प्रतिशत कितना है?

**उत्तर 7:**

दिया है: महिलाओं का प्रतिशत = 30%

पुरुषों का प्रतिशत = 40%

महिलाओं तथा पुरुषों का कुल प्रतिशत योग = 30 + 40 = 70%

इसलिए, बच्चों का प्रतिशत = कुल प्रतिशत – महिलाओं तथा पुरुषों का प्रतिशत

= 100% – 70% = 30%

अतः, बच्चों का प्रतिशत 30 है।

**प्रश्न 8:**

किसी क्षेत्र के 15,000 मतदाताओं में से 60% ने मतदान में भाग लिया। ज्ञात कीजिए कि कितने प्रतिशत ने मतदान में भाग नहीं लिया। क्या अब ज्ञात कर सकते हैं कि वास्तव में कितने मतदाताओं ने मतदान नहीं किया?

**उत्तर 8:**

कुल मतदाता = 15,000

मतदान में भाग लेने वाले मतदाताओं का प्रतिशत = 60%

मतदान ने न भाग लेने वाले मतदाताओं का प्रतिशत = 100 – 60 = 40%

मतदान न करने वाले मतदाताओं की संख्या = 15000 का 40%

$$= \frac{40}{100} \times 15000 = 6,000$$

अतः, 6,000 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया।

**प्रश्न 9:**
मीता अपने वेतन में से ₹ 400 बचाती है। यदि यह उसके वेतन का 10% है, तब उसका वेतन कितना है?

**उत्तर 9:**

माना, मीता का कुल वेतन = ₹ $x$.

दिया है: वेतन का 10% = ₹ 400

$\Rightarrow$ $x$ का 10% = ₹ 400

$$\Rightarrow \frac{10}{100} \times x = 400$$

$$\Rightarrow x = \frac{400 \times 100}{10}$$

$$\Rightarrow x = 4{,}000$$

अतः, मीता का कुल वेतन ₹ 4,000 है।

**प्रश्न 10:**
एक स्थानीय क्रिकेट टीम ने एक सत्र में 20 मैच खेले। इनमें से उस टीम ने 25% मैच जीते। जीते गए मैच की संख्या कितनी थी?

**उत्तर 10:**

टीम द्वारा सत्र में खेले गए कुल मैच = 20

जीते हुए मैचों का प्रतिशत = 25%

इसलिए, जीते गए कुल मैच = 20 का 25%

$$= \frac{25}{100} \times 20$$

$$= 5$$

अतः, जीते गए मैचों की संख्या 5 है।